# यूपीईएस के सम्मेलन में टॉप लीगल एक्सपर्ट्स शामिल




देहरादून, 4 जुलाई (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने हाल ही में टेक्निकल एडवांसमेंट द्वारसं-चालित लीगल इंडस्ट्री के भविष्य और उच्च तकनीक वाली दुनिया में वकीलों के लिए उभरते अवसरों पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन आयोजित किया।

संबोधित करते हुए बॉम्बे बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट, सीनियर एडवोकेट नितिन ठक्कर ने कहा कि युवा कानूनी पेशेवर न केवल टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं, बल्कि उसका भरपूर प्रयोग भी करते हैं। लीगल एजुकेशन का भविष्य हमारी तकनीक को अपनाने की क्षमता और लॉ स्कूलों की अपने करिकुलम के साथ तैयारी पर निर्भर करता है।

यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि टेक्नोलॉजी भावी वकीलों के लिए, अपने वर्कफ्लो में एआई जैसे उपकरणों को एकीकृत करना अनिवार्य है।

कार्यक्रम में खेतान एंड कंपनी, सिरिल अमरचंद मंगलदास, शार्दुल अमरचंद मंगलदास, धीर एंड धीर, किम्बर्ली-क्लार्क कॉर्पोरेशन, रिलायंस इंडिया लिमिटेड, रॉयज एंड कंपनी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी, एचएसई ग्रुप, डेलॉइट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सोनी पिक्चर्स और अन्य जैसी प्रमुख फर्मों के वरिष्ठ लीडर्स शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ कॉफी टेबल बुक के विमोचन के साथ हुआ, जिसमें संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों और पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।